>

Title: Need to undertake the restoration work of 'Surya Mandir', a historical monument in Bundelkhand region of Uttar Pradesh.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदय, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में लगभग 1100 वर्ष पुरानी अनेक ऐतिहासिक महत्व की इमारतें हैं जिनमें कुछ को चिन्हित करके पुरातत्व विभाग ने कागजों में अपने अधीन कर लिया है। अभी बहुत कुछ चिन्हित करना बाकी है। धीरे-धीरे सभी इमारतों का गिरना लगातार जारी है। उदाहरण के तौर पर नौवीं सदी में महोबा के चंदेल शासकों ने कोणार्क के सूर्य मन्दिर की तर्ज पर ग्राम रहेलिया में सुंदर ग्रेनाइट पत्थर से बेमिसाल सूर्य मंदिर का निर्माण कराया था। लगभग एक हजार वर्ष से अधिक समय तक रहेलिया का यह सूर्य मंदिर उत्तर भारत के इकलौते सूर्य मंदिर के रूप में जाना जाता रहा है। लगभग सौ मीटर ऊँचाई के इस मंदिर में नीचे से ऊपर तक कोई जोड़ ढूंढ पाना असंभव था। पत्थरों को खांचे बनाकर कुछ इस तरह एक दूसरे से फंसाया गया कि बिना किसी गारा एवं मसाले के यह बेहतरीन इमारत तैयार की गयी। इस मंदिर को देखने के ाlलए देशी एवं विदेशी पर्यटकों का तांता लगा रहता था। वर्तमान में मंदिर का एक ाlतहाई हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। शेष हिस्सा अभी भी अपनी गौरव गाथा समेटे अपने भव्य अतीत की याद दिला रहा है। मंदिर के आसपास शिखर व बुर्ज से गिरे सैंकड़ों नक्काशीदार सुन्दर पत्थर बिखरे पड़े हैं। क्षेत्रीय लोगों में इसे लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उत्तर भारत के इस इकलौते सूर्य मंदिर का जीर्णोद्धार यथाशीघ्र कराने के ाlलए आवश्यक कदम उठाने का कÂट करें।

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The discussion on internal security will continue in the next Session.

...(*Interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : एक सेकेंड धीरज रखिए।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मेरी हिंदी ठीक है ।

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, what about the discussion on price rise?

MR. SPEAKER: The discussion on price rise will also be taken up in the next Session.

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, in the last Session also, we could not take the discussion on price rise...(*Interruptions*)

डॉ. सत्यनारायण जटिया (उज्जैन) : महोदय, जीरो आवर के ाlलए हमने नोटिस दिया है ...(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, इंटरनल सिक्योरिटी पर चर्चा का क्या हुआ? ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: The discussion on internal security as well as the discussion on price rise will be taken up in the next Session.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: When I say from the Chair, it means so.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: If I have made you young today, it does not mean that you are young!

14.02 hrs.